## 24 मई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूजल संवर्धन मिशन शहरी के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूजल संवर्धन मिशन शहरी के अंतर्गत रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम घर–घर लगाने को लेकर 24 मई को सुबह 10:30 बजे संगोष्ठी अयोजित की गई है। दिन प्रतिदिन घटते हुए भूमि के जलस्तर को रोकने के लिए क्या करें, जिससे भूमि का जलस्तर बना रहे। इसके लिए प्रेजेनटेशन के माध्यम से बताया जाएगा कि किस प्रकार से रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के बाद जल को संरक्षित रखा जा सकता है। कार्यशाला में प्रमुख रूप से सभी प्रबुद्व वर्ग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग विशेषज्ञ, विधायक, सांसद, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, तकनिकी विशेषज्ञ, बिल्डर्स, इंजीनियर, हाउसिंग सोसायटी के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, चेंबर आफ कामर्स, औद्योगिक संस्था, पत्रकारगण, निगम के अभियंतागण एवं अन्य संस्थाओं के लोगो को आमंत्रित किया गया है। प्रत्येक व्यक्ति को 5 मिनट के अंदर अपना प्रेजेंटेशन खत्म करना रहेगा। सभी सुझाव को नोट करके अंत में उसका परिष्कृत रूप निकल जाएगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित किए है कि कार्यशाला से पहले शासकीय कार्यालयो में जो रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा है, उसे व्यवस्थित कर दिया जाए। कार्यशाला के दौरान रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए किन–किन सामग्रीयो की आवश्यकता होती है। उसे किस प्रकार से बनाया जाए, जिससे बारिश के अतिरिक्त पानी को भूमि के अंदर ले जाए। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए उचित स्थल का चयन इत्यादि विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। आयुक्त पाण्डेय ने क्षेत्र के नागरिको से अपील किए है कि जो भी व्यक्ति रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के बारे में अच्छी जानकारी रखते है और अपनी राय देना चाहते है। वह भी कार्यशाला में उपस्थित हो होकर अपने विचार रख सकते हैं। सबके द्वारा दिए गए सुझाव, जो उपयोगी होगा उसे निगम में लागू किया जाएगा।

